Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:46 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:44 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 68 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 29 अगस्त 2025



पूरे खान परिवार ने धूमधाम से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है, हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते। उनकी यह टिप्पणी पटना में सत्तारूढ़ दल द्वारा %मतदाता अधिकार यात्रा% के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कथित तौर पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल के विरोध में निकाले गए एक विरोध मार्च के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प के बाद आई है। इससे पहले कांग्रेस महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने भाजपा पर पार्टी के सदाकत आश्रम मुख्यालय पर हमला और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया।

### पीएम मोदी दो दिवसीय जापान यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जापान और चीन के पांच दिवसीय दौरे रवाना हो गए। पीएम मोदी के दौरे का मुख्य एजेंडा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करना है। अमेरिकी टैरिफ विवाद के बीच हो रही पीएम मोदी की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण समझी जा रही है। जापान और चीन की अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा कि जापान की मेरी यात्रा के दौरान हमारा मुख्य ध्यान हमारे विशेष सामरिक और वैश्विक साझेदारी के अगले चरण को आकार देने पर होगा। यह साझेदारी पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर और महत्वपूर्ण प्रगति कर चुकी है। जापान की यात्रा के बाद मैं चीन जाऊंगा, जहां मैं राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आमंत्रण पर तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में शामिल होऊंगा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग, राष्ट्रपति पुतिन और अन्य नेताओं से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि जापान और चीन की ये यात्राएं हमारे राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को और मजबूत करेंगी तथा क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा और सतत विकास को आगे बढ़ाने में सार्थक सहयोग स्थापित करेंगी।

# वैश्य महासभा के22 वें श्री गणेश महोत्सव 2025 का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा हल्द्वानी के तत्वाधान में आयोजित 22 वें श्री गणेश महोत्सव 2025 के द्वितीय दिवस श्री रामलीला मैदान में प्रात: कालीन बेला में भगवान श्री गणेश की संपूर्ण विधि विधान से पूजा-अर्चना पंडित श्री विवेक शर्मा जी एवं श्री ग्रीश कांडपाल जी के द्वारा करायी गई तथा मुख्य यजमान के रूप में किशन लाल गुप्ता सपत्निक एवं महामंत्री तनुज गुप्ता , बद्री प्रसाद गुप्ता, राम किशोर अग्रवाल हीरालाल साहू, अतुल जायसवाल , मुकेश लहरिया उपस्थित थे ।विधि विधान



से पूजा क  दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय में हो गया और सभी भक्तगण गणपति बप्पा मोरया उद्घोष कर रहे थे। सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेला का शुभारंभ पंडित बसंत बल्लभ त्रिपाठी के प्रवचनों से हुआ जिसमें उन्होंने श्री गणेश महिमा का गुणगान किया तत्पश्चात सनातन धर्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ -चढ़कर प्रतिभाग किया7 सांस्कृतिक कार्यक्रमों  की श्रृंखला में आज स्वरा  रिदम डांस एंड फिटनेस स्टूडियो के द्वारा कृष्ण रासलीला, तथा कथक नृत्य केंद्र के द्वारा मां वैष्णवी की कहानी ,तथा कल्पिता संगीतम नृत्य विद्यालय के द्वारा कृष्ण लीला- कालिया दमन ,तथा कल्पना जोशी संस्कृत ग्रुप द्वारा मां की शक्ति तथा वैष्णव तांडव ,तथा इमैनुवल पब्लिक स्कूल के द्वारा छोटे गणेश  , गणेश वंदना तथा स्वर साधना संगीत विद्यालय हल्द्वानी के द्वारा कृष्ण लीला, तथा नृत्य कृति के द्वारा ओ गणराया और मल्हार जाम, तथा मेघा डांस एकेडमी कटघरिया के द्वारा गणेश श्लोक विद तराना तथा स्वरांगना डांस एकेडमी कमालुआगांजा के द्वारा गणेश स्तुति एवं भूमि मित्तल के द्वारा शिव तांडव तथा ओम नृत्य केंद्र गोरा पड़ाव ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। सभी प्रस्तुतियों ने भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रमों के मध्य में सभी भक्तगण गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष कर रहे थे और सभी कलाकारों का जबरदस्त तालियों से उत्साह बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम का सफल संचालन  सुरेश केशरवानी, भुवनेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल के द्वारा किया गया।

आपदाओं के घाव से छलनी हुआ उत्तराखंड,

# उत्तराखंड में फिर तीन जगह फटे बादल, कई लोग लापता

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में अलग-अलग जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। रुद्रप्रयाग जिले के टेंडवाल गांव में मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि 18 से 20 लोग यहां लापता बताए जा रहे हैं। वहीं चमोली जिले के देवाल ब्लॉक में भी बादल फटा है। जिसमें पति-पत्नी लापता हैं और दो लोग घायल हो गए, साथ ही 20 मवेशी मलबे में दबे हैं।

टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव पर भी बादल फटा है। गनीमत यह रही कि यहां किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। इसके अलावा रुद्रप्रयाग में भी बादल फटा है। यहां जखोली ब्लॉक के छेनागाड़, बांगर सहित कई जगहों पर अतिवृष्टि से व्यापक नुकसान हुआ है। बृहस्पतिवार को देर रात से हो रही तेज बारिश शुक्रवार को भी जारी है। बृहस्पतिवार रात को तहसील देवाल के मोपाटा में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। कुछ घरों के मलबे में दबे होने की सूचना है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि मोपाटा में



रहने वाले तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता बताए जा रहे हैं। जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हुए हैं। इनके आवास और गोशाला के मलबे में दबने की सूचना है। इसमें 15 से 20 जानवर भी मलबे में दबने की सूचना है। डीएम ने बताया कि तहसील प्रशासन की टीम मौके लिए रवाना हो गई है। इधर, भारी बारिश को देखते हुए चमोली जनपद के सभी विकास खंडों में शुक्रवार को अवकाश घोषित कर दिया गया है। भारी बारिश के चलते देवाल में रास्ते जगह-जगह टूट गए हैं। थराली में भी रात से हो रही बारिश से लोग सहमे हैं। आदिबदरी, कर्णप्रयाग में भी तेज बारिश हो रही है। कर्णप्रयाग में मूसलाधार बारिश के चलते कालेश्वर में ऊपर पहाड़ से मलबा आया है जो लोगों के घरों में घुस गया। जेसीबी मशीन के द्वारा मलवा हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। अलकनंदा और पिंडर नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। कर्णप्रयाग के सुभाषनगर में पहाड़ी से बोल्डर और मलबा गिरने से सड़क बंद हो गई है। भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव के ऊपर बीती  रात को बादल फटने की घटना हुई है। राजस्व विभाग की टीम गेंवाली गांव रवाना हो गई है। अलग-अलग स्थान पर पैदल पुलिया और रास्ते टूट गए हैं।

# सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का भी आरोप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान का कई छात्रों पर आरोप लगा है। उन पर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का भी आरोप है। छात्र संघ चुनाव के दौरान हमेशा विवादों में रहने वाले करन अरोरा समेत पुलिस ने उसके चार साथियों के खिलाफ नामजद और करीब 70 अज्ञात साथियों पर मुकदमा दर्ज किया है।घटना 15 अगस्त की है। कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर में यातायात सेल के एएसआई प्रदीप सिंह राणा ने लिखा, बीती 15 अगस्त को उनकी ड्यूटी सिटी चौराहे पर थे और उनके साथ सीटी सुखदेव, होमगार्ड निर्मला, एएसआई सुरेश पाठक और प्रकाश नगरकोटी ड्यूटी पर थे। उनका कहना है कि यातायात ड्यूटी के दौरान दोपहर करीब 3 बजे नैनीताल रोड से झंडा रैली को निकाली जा रही थी।

तभी रामपुर रोड की ओर से जुलूस की शक्ल में लगभग 60-70 लोग अपनी-अपनी गाड़ियों में बोनट, छत व खिड़कियों में बैठकर शोरगुल अभद्रता और गाली-गलौज करते हुए आ रहे थे। उनकी इस हरकत के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया। जब एएसआई प्रदीप सिंह राणा ने अपने साथियों की मदद से उक्त लोगों को रोकने का प्रयास किया तो



वह लोग पत्थरबाजी करने लगे। इससे राजकार्य में बांधा पहुंची और उक्त लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को भी रोड पर गिराकर अपमानित किया।

एएसआई के मुताबिक, जुलूस के बारे में पूछने पर पता चला कि जुलूस का संचालनकर्ता करन अरोरा, अमन गुप्ता, शुभम गोस्वामी, हर्षित जोशी सहित 60-70 अज्ञात लोग थे। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ राष्ट्र गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2, बीएनएस की धारा 125, 126(2), 221, 351(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की धर-पकड़ के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिला विकास प्राधिकरण की जटिल और पुरानी नियमावली में बदलाव की मांग

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भीमताल के सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने उत्राखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी को नैनीताल जिलाधिकारी वंदना सिंह के माध्यम से पत्र भेजकर जिला विकास प्राधिकरण की जटिल और पुरानी नियमावली में बदलाव की मांग की है। पत्र में पूर्व प्रतियां संलग्न हैं जो इस मुद्दे की गंभीरता को दर्शाती हैं। बृजवासी ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण की समाप्त हो चुकी महायोजना और जटिल नियम स्थानीय गरीब.मध्यम वर्ग के लिए अभिशाप बन गए हैं। अपनी पैतृक जमीन पर छोटे मकान या दुकान बनाने के लिए स्थानीय लोग लाखों रुपये की लागत भी नहीं जुटा पा रहे। प्राधिकरण नोटिस और कानूनी धाराओं का डर दिखाकर लोगों को परेशान कर रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम कार्यालय और इसी वर्ष कुमाऊं आयुक्त ने सरलीकरण के निर्देश भी दिए लेकिन प्राधिकरण ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने दावा किया कि बाहरी लोगों के बड़े होटल और भवन बन रहे हैंए जबकि स्थानीय निवासियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। बृजवासी ने सिंगल विंडो स्कीम के तहत जन्म से रह रहे स्थानीय गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों को मुफत रोजगार एवं आवास हेतु नकशा और पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर प्राधिकरण महायोजना में शीघ्र सरलीकरण करने कि मांग की है।

### युवक की इलाज के दौरान मौत, पत्नी ने की दूसरी शादी

**हल्द्वानी।** बीते दिवस कुछ लोगों द्वारा एक युवक को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। मौत के कुछ घंटों बाद उसके मोबाइल पर एक फोन आया। दूसरी ओर से बोल रही महिला ने खुद को मृतक की पत्नी बताया, कहा कि अब उसने दूसरी शादी कर ली है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को कुछ लोग एक युवक को लेकर अस्पताल आए थे। युवक की हालत नाजुक थी, जिस पर डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। हालांकि बुधवार देर शाम युवक की मौत हो गई। लेकिन युवक के बारे में और कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मौत के कुछ देर बाद मृतक के पास से मिले मोबाइल पर एक कॉल आई।

# कल 30 को होग रक्तदान शिविर का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव में आज सुबह पण्डित विवेक शर्मा ने पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई शाम को हल्द्वानी शहर की जानी मानी विभिन्न संस्थाओं द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए भगवान राधा कृष्ण  की झाकी ने भक्तों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा व नंद किशोर जायसवाल ने बताया कल 30अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा । मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया स्व. बॉबी नागर की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रयोगिता का आयोजन किया



जायेगा। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र नागर ने किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता पदम् पाल सुनील गुप्ता शिव कपूर दिनेश अग्रवाल दीपू हर्ष वर्धन पांडे सन्नी कपूर अमित अश्वनी हरीश नाथ गोस्वामी विपिन साहू धर्मेन्द्र साहू राम रूप गुप्ता मुरली मुलानी सूरज लंबा राजेश साहू राजू जायसवाल पूरन सागर समेत हजारों भक्त मौजूद रहे।

# अभिविन्यास एवं सहप्रेरण कार्यक्रम का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षा संकाय में चल रहे आठ दिवसीय अभिविन्यास एवं सहप्रेरण कार्यक्रम का वीरवार को समापन हुआ जिसे सत्र 2025-26 में नव प्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में शिक्षा संकाय में देश के भावीशिक्षकों को संबोधित पाठ्यक्रम के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई और उन्हें अनुसूची और पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाया गया। विभाग के शिक्षकों ने छात्रों को पाठ्यक्रम की आवश्यकता और उसके महत्व के बारे में भी समझाया। संकाय सदस्यों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों के बारे में छात्रों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। शिक्षकों द्वारा यह बताया गया कि संबंधित विषय छात्रों के लिए कयों महत्वपूर्ण है और इसे पढने से वे किस प्रकार बुनियादी स्तर से लेकर व्यावहारिक कौशल विकसित कर सकते हैं। समापन समापन का कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। शिक्षा संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और प्रेरित किया कि वे सदैव अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। उन्होंने शिक्षा की आवश्यकता और शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे भविष्य के शिक्षक होने के नाते बदलाव लाने का संकल्प लें और सही दिशा में आगे बढ़ें। कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को स्वीकार किया और उन्हें निरंतर ऐसा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने सफ ल जीवन के लिए उच्च लक्ष्य बनाएं और उन्हें प्राप्त करने हेतु कठिन मेहनत करें सफलता स्वयं प्राप्त होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विश्वविद्यालय स्तर से जो भी संसाधन आवश्यक होंगे उन्हें मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे कार्य करनेए अपने माता-पिता को गर्वित करने और संस्था को भी उन पर गर्व महसूस कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सचिन तेंदुलकरए बीजिंग ओलंपिक के विजेता तथा चीन के व्यवसायी जैक मा के उदाहरण देते हुए छात्रों तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया। इसी क्रम में आईटीईपी के विभागाध्यक्ष डॉ0अशोक उप्रेती ने कुलपति को अपना महत्वपूर्ण समय देने के लिए धन्यवाद किया और संपूर्ण विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. दीपिका भट्ट और आईटीईपी के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिविन्यास कार्यक्रम समिति के संयोजक डॉ. भूपेंद्र सिंह कठायत व सदस्य डॉ. वर्षा पन्त, डॉ. तेज प्रकाश जोशी, डॉ. शाहिद हुसैन, डॉ. विनीता विश्वकर्मा, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. पुष्पा अधिकारी, डॉ. शिखा रतूड़ी, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. सरोज शर्मा व डॉ. आकांक्षा शैली आदि उपस्थित रहे।



# मल्लीताल टंकी बैंड के समीप पौधरोपण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल । रोटरी क्लब नैनीताल एवं सीआर एसटी इंटर कॉलेज के द्वारा संयुक्त रुप से वीरवार को नगर के मल्लीताल स्थित टंकी बैंड के समीप पौधरोपण किया गया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डे के नेतृत्व में टॉकी बैण्ड की पहाडियों में बॉज, उतीस, देवदार एवं सुरई के पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर रोटरी कलब के अध्यक्ष शैलेन्द्र साह, रोटेरियन योगेश साह, विकम स्याल, अमरदीप एमैनुअल प्रधानाचार्य सनवाल पबलिक स्कूल,योगेश शाह, डा0 सोबन सिंह बिष्ट, गणेश दत्त लोहनी, ललित सिंह जीना एवं ललित मोहन पाण्डे वन विभाग आदि उपस्थित रहे।

# हैप्पीनेस वूमेंस कलेकटिव समूह का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यावरण एवं लोक कल्याण की ओर आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस वूमेंस कलेकटिव समूह नैनीताल द्वारा एक और प्रयास के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बता दें यह कार्यक्रम नैनीताल के समीप मंगोली गांव थापला में किया गया,जहाँ आवश्यकतानुसार किसानों को समूह द्वारा लगभग 500 पौधे रोपित व वितरित किए गए। पौधों में प्रमुख रूप से फलदार पौधे कागजी नींबू,बड़ा नींबू, माल्टा की प्रजातियां लगाई गई। पौधे गांव के लोगो, ग्रामप्रधान खुशहाल सिंह बिष्ट एवम समूह के सदस्यों द्वारा रोपित किए गए ताकि पर्यावरण के साथ साथ ग्रामीणों के जीविकोपार्जन में भी सहायता मिल सकें । कार्यक्रम को सफल बनाने में समूह के सदस्यों रेशमा टंडन,कविता गंगोला, सुनीता वर्मा, ज्योति मेहरा, संगीता शाह, सोनी अरोरा,किरण टंडन, कामना कंबोज, कविता जोशी, रमा तिवारी, मधु बिष्ट, निमी,मंजू नेगी, प्रेमलता, पूजा शाही, ,बीना शर्मा, शिखा शाह, मंजू बिष्ट, श्वेता अरोरा, पूजा मल्होत्रा, कविता सनवाल, वंदना, रीना सामंत,उमा कांडपाल, ममता गंगोला, वैशाली बिष्ट ,बिमला काफ ल्टिया, संध्या तिवारी,नेहा डालाकोटी, सोमा शाह व ग्राम प्रधान खुशहाल सिंह बिष्ट का विशेष योगदान रहा गाँव के प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक एवम नन्हें विद्यार्थियों द्वारा भी पौधे रोपित किए गए साथ में बड़े उत्साह के साथ उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।



## NEWS / फटाफट

### रोडवेज बस और सवैन आमने-सामने भिड़ी, बाल-बाल बचे

**रामनगर।** ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र गुरुवार दोपहर एक तेज धमाके से गूंज उठा जब देहरादून से आ रही रोडवेज बस और सामने से काशीपुर जा रही वैन आमने-सामने भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच गए। गनीमत रही कि बस में बैठे करीब 15 यात्री बाल-बाल बच गए और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे में घायल काशीपुर निवासी आकाश आशीष बिजनौर जिले के नगीना निवासी सलमान और बिजनौर के ही नीतीश कुमार को तुरंत नीम करौली पीरुमदारा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवहन विभाग रामनगर के एआरएम नवीन आर्य ने बताया कि बस रामनगर डिपो की थी और चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को कच्चे रास्ते पर उतार दिया वरना हादसा और भी भयावह हो सकता था। विभाग के मुताबिक गलती वैन चालक की बताई जा रही है। इधर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने कहा कि फिलहाल जांच जारी है। दोनों पक्षों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

### पूछड़ी में बैठक, प्रधान हज्जन नरगिस ने सुनीं समस्याएं



**रामनगर।** शक्तिनगर पूछड़ी पंचायत भवन जोगीपुरा गुरुवार को ग्रामीणों की आवाज़ से गूंज उठा। यहां आयोजित खुली बैठक में गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं का पिटारा प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि शकील अहमद के सामने खोल दिया। बिजली-पानी की किल्लत से लेकर बीपीएल कार्ड, पेंशन और सड़क तक हर मुद्दे पर ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी। गांव की सरपंच नरगिस ने मौके पर ही कई दिक्कतों का समाधान अधिकारियों से करवाया और बाकी समस्याओं को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेजने का भरोसा दिया। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान ने उनकी बात सुनकर उम्मीद की नई किरण जगा दी है।बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य भावना, गौरव नैनवाल, हुमा, शाहीन, शेला, प्रीति, आनंद, इमरान, रिजवान अली समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### खूनी भिड़ंत पुरानी रंजिश में तलवारें चलीं दो गंभीर



**रामनगर।** के बेड़ाझाल क्षेत्र में गुरुवार को जंग का मैदान बन गया जब पुरानी रंजिश ने दो पक्षों को आमने-सामने ला खड़ा किया। खेत से लौट रहे जीतपाल सिंह को घेरकर आरोपियों ने न केवल जातिसूचक शब्दों से भड़काया बल्कि तलवार से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर करना पड़ा। उधर दूसरे पक्ष का विक्रम भी इस खूनी संघर्ष में बुरी तरह पिट गया जिसका इलाज फिलहाल सरकारी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ढेला चौकी प्रभारी जोगा सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### दर्शन घर पार्क के सौन्दर्यीकरण को लेकर आभार जताया

**नैनीताल ।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के.एल.आर्य व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने मानसखंड योजना के तहत शहर नैनीताल के अन्तर्गत कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण के साथ साथ तल्लीताल दर्शन घर पार्क के किये जा रहे सौन्दर्यीकरण कार्यों को लेकर जिलाधिकारी वंदना सिंह से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने हल्द्वानी दमुवाढुगा जवाहर ज्योति के लोगों को भूमि भवन के मालिकाना अधिकार दिलाए जाने की भांति शहर नैनीताल के अन्तर्गत बीते 40 वर्षो से नजुल भूमि पर आवास बना कर निवास करते आ रहे सभी की कबजे वाली नजुल भूमि को बिना विभागीय एनओसी के शीघ्र फ्रीहोल्ड कराये जाने तथा सभी को मालिकाना अधिकार दिलाए जाने का मांग पत्र भी दिया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के आरोप सिद्ध न करने पर आरोपी बरी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा जिले के जिला सत्र न्यायाधीश के द्वारा अभियुक्त दीपक सिंह बिष्ट को वर्ष 2018 में आजीवन कारावास की सजा दिए जाने के आदेश विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने उनपर लगाए गए आरोपो को अभियोजन पक्ष के द्वारा सिद्ध न करने के आधार पर उन्हें बरी कर दिया ।

बता दें कि जिला सत्र न्यायाधीश ने वर्ष 2018 में उन्हें हत्या करने के आधार पर आजीवन कारावास के की सजा देने का आदेश पारित किया था साथ में आईपीसी की धारा 302 व 201 के तहत जुर्माने से भी दंडित किया था, न देने पर धारा 302 के तहत उनपर 400 हजार रुपये व 201 के तहत 5 हजार रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया था। न देने की स्थिति में उन्हें आईपीसी की धारा 302 के तहत 7 साल का अतरिक्त कारावास व धारा 201 के तहत 6 माह की सजा सुनवाई थी। इस आदेश को उनके द्वारा वर्ष 2018 में उच्च न्यायलय में चुनोती दी गयी जिसपर सुनवाई करते हुए खण्डपीठ ने पाया कि निचली अदालत में अभियोजन पक्ष कोई ठोस सबूत पेश नही कर पाया। इसका लाभ देते हुए अभियुक्त को बरी कर दिया, साथ मे निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया।

# सांसद ट्ट ने मोहनको के अग्निकांड का स्थलीय निरीक्षण



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सांसद अजय भट्ट ने नैनीताल में बुधवार रात को मल्लीताल स्थित मोहनको में हुए अग्निकांड का वीरवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से अग्निकांड की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अग्निकांड में बुजुर्ग महिला की मौत पर शोक जताया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि अग्निकांड के प्रभावितों को जिला प्रशासन और राज्य स्तर से हर संभव मदद की जाएगी, जिसके लिए उन्होंने उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक को अग्निकांड के संबंध जांच करने के लिए निर्देशित किया जिससे कि अग्निकांड में हुए नुकसान की सही जानकारी मिल सके।



### दमकल व्यवस्थाओं को लेकर जताया रोष

**नैनीताल ।** नगर पालिका परिषद के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने नगर में आग लगने के दौरान उसे बुझाने को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर ढिलाई बरते जाने पर खासा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि जब भी नैनीताल में कभी भी आग लगने की घटनाएं होती हैं तो उस दौरान वहां के समीपवर्ती हाईड्रेंटों में पानी होता ही नहीं है,इसके साथ ही दमकल भी सूचना देने के बाद देर में पहुंचता है। कहा कि बुधवार की रात में दमकल विभाग के सूचना देने के बाद भी देर में आने की वजह से एक बुर्जुग महिला की मौत हो गयी। जगाती ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए डीएम वंदना सिंह को पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने भविष्य में आग लगने पर पहले से ही ठोस कार्रवाई करने की मांग की है।

# अभिमत

## पेंशन भीख नहीं

*सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। शीर्ष अदालत ने एक साल पहले केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया था, परन्तु सरकार ने निर्णय नहीं किया। जबकि उम्मीद थी कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं। सरकार पेंशन को भीख न समझे।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद अनेक एतिहासिक निर्णय लिये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोखिम भरे फैसले लेकर दूरगामी प्रभाव वाले बदलाव किये हैं। समाज के अंतिम छोर के नागरिकों के जीवनस्तर को उठाने के लिए अनेक काम किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रही हैं, बल्कि धरातल पर उतरी हैं। उपलब्धियों की लम्बी सूची की बदौलत ही लगातार तीसरी बार मोदी सत्तारूढ़ हुए हैं, परन्तु पेंशन संबंधी महत्वपूर्ण और मानवीय समस्या का समाधान नहीं हो सका। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर वर्षों से आवाज उठा रहे हैं। निजी क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन बढ़ाने को लेकर हर स्तर पर प्रयास कर चुके हैं। निजी क्षेत्र के रिटायर्ड कर्मचारी अपने खून से लिखकर राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु की अनुमति देने का प्रार्थना पत्र तक सौंप चुके हैं। इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की कथनी-करनी में विरोधाभास है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने कोश्यारी समिति का गठन किया था। समिति ने न्यूनतम तीन हजार रुपये पेंशन की सिफारिश की थी। विडम्बना यह है कि सरकार ने खुद समिति का गठन किया और उसकी सिफारिश स्वीकार नहीं की। एक बार तो संसद के अंदर सफेद झूठ भी बोला। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन का प्रस्ताव किया। चुनाव के बाद मनमोहन सिंह सत्ता में वापसी नहीं कर सके। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रस्ताव को लागू किया। मनमोहन सिंह द्वारा न्यूनतम पेंशन देने का श्रेय मोदी सरकार ने ले लिया। कोश्यारी समिति ने जब तीन हजार रुपये की सिफारिश की थी, उस समय से महंगाई कई गुना बढ़ गई है। अब कम से कम 15 हजार पेंशन होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। ऐसे में अनुमान लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। शीर्ष अदालत ने एक साल पहले केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया था, परन्तु सरकार ने निर्णय नहीं किया। जबकि उम्मीद थी कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं। सरकार पेंशन को भीख न समझे। जीवन के 30-40 साल तक किसी भी क्षेत्र में पसीना बहाकर काम करने के बाद वृद्धावस्था में पेंशन हर नागरिक का अधिकार है।

# नौ दिवसीय 123वां मां नंदा देवी महोत्सव शुरू

**नैनीताल ।**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान नौ दिवसीय 123वां मां नंदा देवी महोत्सव भव्य व दिव्य तरीके से शुरु हो गया है।

महोत्सव में मुख्य अतिथि नैनीताल– ऊधम सिंह नगर से सांसद अजय भट्ट रहे जबकि विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, विधायक सरिता आर्या,मेला अधिकारी/ एसडीएम धारी केएन गोस्वामी व एसडीएम नैनीताल नावाजिश खालिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा मौजूद रहे। अतिथियों ने सभा भवन में दीप जलाकर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया, जिसके बाद श्री राम सेवक सभा परिवार की ओर से गणेश वंदना और मां नंदा सुनंदा वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गई। उसके बाद सभी अतिथियों का संबोधन हुआ और करीब 4 बजे से श्री राम सेवक सभा से कदली वृक्ष लेने के लिए श्रद्धालुओं का एक दल धार्मिक ध्वज और बाजे गाजे के साथ ज्योलीकोट के समीप चौपड़ा गांव में चंदन सिंह जीना के घर को रवाना हुआ। दूसरी ओर अब शुक्रवार (आज) को कदली वृक्ष के साथ दल नैनीताल पहुंचेगा और उसका स्वागत किया जाएगा। इससे पूर्व सभा के अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने सभा परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया व महोत्सव को सफल बनाने में हर संभव सहयोग की गुजारिश की जबकि पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने महोत्सव के इतिहास पर चर्चा की। संचालन प्रो. ललित तिवारी, हेमंत बिष्ट, मीनाक्षी कीर्ति व नवीन पांडे ने किया।



### चोपड़ा गांव में रोपे जाएंगे पौधे

महोत्सव के तहत हरड, चूरा, तेजपत्ता, अमरुद समेत 21 पौधों (पर्यावरणविद् यशपाल रावत की ओर से प्रदत्त) की विशेष पूजा अर्चना पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने मंत्रोंचार के साथ की। बता दें चोपड़ा गांव जहां से कदली वृक्ष लाया जा रहा है वाले स्थान पर इन पौधों को रोपित किया जाएगा।

## आज होगा कदली वृक्षों का पूजन



**नैनीताल।** महोत्सव में शुक्रवार (आज) अपराह्न 2 बजे चोपड़ा गांव से कदली वृक्षों का आगमन, पूजन सूखाताल में, अपराह्न 2.30 बजे तल्लीताल वैष्णव देवी मंदिर में कदली वृक्षों का पूजन के बाद शाम 3 बजे से नगर भ्रमण के बाद शाम को 5.30 बजे मां नयना देवी मंदिर में स्वागत व कदली वृक्षों का पूजन होगा।

महोत्सव के दौरान युवा कवि नरेंद्र सकसेना की ओर से गाए तथा डा.ज्योति सकसेना की ओर से रचित श्री नंदा देवी गीत का लोकार्पण अतिथियों ने किया।

# मां की शक्ति अपार है: सांसद भट्ट



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि मां की शक्ति अपार है। मां की एक झलक पाने के लिए डोले के दिन भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं, कहा कि जनता को सुविधा देने और विकास के लिए वह सदैव तत्पर हैं।

उन्होंने सभी को महोत्सव की शुभकामनाएं दी। पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने आयोजन कर्ताओं की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद और बधाई दी जब कि विधायक सरिता आर्या ने शासन, प्रशासन, नगरपालिका और राम सेवक सभा का विशेष आभार जताया जबकि पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा सभी का स्वागत किया और उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर दुःखद घटनाओं पर शोक व्यक्त किया। मेले के दौरान सभी से सहयोग की अपील की। महोत्सव के उद्घाटन मौके पर सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, घनश्याम लाल साह, गिरीश जोशी, मुकुल जोशी, देवेंद्र लाल साह, भुवन बिष्ट, हरीश राणा, मोहित लाल साह, मिथिलेश पाण्डेय, कमलेश ढौंडियाल, अशोक साह, अतुल साह, कैलाश बोरा, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, एसडीएम नवाजिश खलीक, ईओ रोहिताश शर्मा, एसडीएम केएन गोस्वामी, दर्जा मंत्री शांति मेहरा, कैलाश जोशी,कविता गंगोला, राजेंद्र लाल साह, डा. मोहित सनवाल, वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह, सभासद मुकेश जोशी, अंकित चंद्रा, रमेश प्रसाद, राकेश प्रसाद, ललिता दफौटी, गजाला कमाल आदि रहे।

## फिल्मी दुनिया

# पूरे खान परिवार ने धूमधाम से किया गणेश चतुर्थी





*हर बार की तरह इस बार भी सलमान खान ने गणेश चतुर्थी का त्योहार अपने पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाया। आज भाईजान ने पूरी खान फैमिली संग डांस किया और बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने बहन अर्पिता, जीजा आयुष शर्मा और अपनी पूरी फैमिली के साथ बप्पा को आज बड़ी धूमधाम से अलविदा किया। इस दौरान भाईजान ने जमकर डांस किया। यह वीडियो अब प्रशंसकों के बीच वायरल हो चुका है। सलमान खान ने आज पूरे परिवार के साथ गणपति विसर्जन किया। इस दौरान भाईजान ने बड़ी ही धूमधाम से बप्पा को अलविदा किया और जमकर डांस किया। सलमान का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सलमान की बहन अर्पिता और जीजा आयुष शर्मा के अलावा पूरी खान फैमिली के सदस्य नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने जहीर खान भी डांस करते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो को गौर से देखें तो सलामन एक बच्चे को प्यार से घूरते हुए डांस डांस कर रहे हैं, जो जहीर खान के सामने ही खड़ा है। पहले तो सलमान उस बच्चे को देखकर डांस करते हैं और फिर बाद में प्यार से उसके चेहरे को छूते नजर आए।*

### एक और वीडियो आया

*एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें सलमान की बहन अर्पिता खान और आयुष शर्मा गणेश जी की आरती करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में खान फैमिली के बाकी सदस्य भी नजर आए। इन वीडियोज पर सलमान के फैंस ने जमकर प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, गणपति के भक्तों की जय हो, एक और फैन ने लिखा, सलमान भाई लव यू, एक और फैन ने लिखा, भाईजान और साथ ही लाल दिल वाला इमोजी बनाया, एक और फैन ने लिखा, गणपति बप्पा मोरया। वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।*

# अधिवक्ता के साथ थाने में हुई अभद्रता मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर दी चेतावनी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**मांग**

- **संघ ने एसएसपी को भेजे पत्र में चेतावनी दी, कहा, कार्रवाई न हुई तो करेंगे आंदोलन**

नगर के अधिवक्ता पूरन सिंह बिष्ट के साथ थाने में हुई अभद्रता मामले में पुलिस प्रशासन की लगातार चुप्पी पर जिला बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। संघ ने एसएसपी को भेजे पत्र में चेतावनी दी है कि यदि दोषी पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

जिला बार एसोसिएशन के सचिव दीपक रुवाली ने कहा कि अधिवक्ता बिष्ट जुलाई माह में एक शिकायती पत्र लेकर मल्लीताल कोतवाली में पहुंचे थे जहां पुलिस कर्मियों ने उनके साथ न केवल अभद्रता की बल्कि सार्वजनिक रूप से वकील की गरिमा को भी ठेस पहुँचाई उस समय सीओ सिटी ने तीन दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था किंतु आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। एसोसिएशन ने बताया कि अगस्त माह में भी इस संबंध में एसएसपी को ज्ञापन भेजा गया लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया बार संघ ने पुलिस की कार्यप्रणाली को निंदनीय पक्षपातपूर्ण और अधिवक्ताओं के सम्मान पर कुठाराघात करार देते हुए कहा कि यदि 10 दिन के भीतर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर होगी।

News कॉर्नर

## उत्तराखण्ड क्रिकेट बोर्ड में अनियमितता मामले में सुनवाई 2 सितंबर को

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तराखण्ड क्रिकेट बोर्ड में हुई करोड़ो रूपये की अनियमितताओं के खिलाफ दायर कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की । मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई हेतु आने वाले मंगलवार यानी 2 सितंबर की तिथि नियत की है। वीरवार को हुई सुनवाई पर याचिकर्ता की तरफ से कहा कि एसोशिएशन जारी नियमों के तहत कार्य नही कर रहा है। केवल जारी फंड का दुरुपयोग कर रहा। इस इसकी जांच कराई जाय। मामले की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु आने वाले मंगलवार की तिथि कर दी है।

## शेरवुड स्कूल के समीप सूखा पेड़ टूटा, दो वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**नैनीताल** । नगर के राजभवन वार्ड में शेरवुड स्कूल के समीप वर्षा के चलते बांज का सूखा हुआ पेड़ आधे से टूट गया। पेड़ ने पास में पार्क वाहनों को चपेट में ले लिया जिसमें दो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। क्षेत्रीय सभासद ने मौका मुआयना कर आपदा विभाग को घटना की जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक वीरवार को सुबह तडके शेरवुड स्कूल के समीप सूखा बांज का पेड़ आधे से टूट गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर व स्थानीय व्यक्ति पेड़ की चपेट में नहीं आया,अलबत्ता पेड़ ने पास में ही पार्क वाहनों को चपेट में ले लिया जिसमें क्षेत्रीय निवासी प्रदीप कुमार व भुवन जोशी का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर क्षेत्रीय सभासद काजल आर्या ने मौका मुआयना कर नुकसान का जायजा लिया उन्होंने तत्काल आपदा विभाग को घटना व नुकसान की जानकारी दी।

# बागजाला वासियों को भी मालिकाना अधिकार की उठाई मांग

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते बागजाला गांव में आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन 12 वें दिन भी जारी रहा। कल 30 अगस्त को दोपहर 1 बजे से धरना स्थल पर एकत्र होकर बागजाला गांव में वाहन रैली निकालने की तैयारी की समीक्षा की गई और सभी से अपील की गई कि सभी तय समय पर अपने वाहनों को लेकर धरना स्थल पर पहुंचें।

बागजाला गांव के अनिश्चिकालीन धरने के बारहवें दिन के मुख्य अतिथि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम के गांधीनगर वार्ड 27 के पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि, भाजपा सरकार



पूंजीपतियों की सरकार है उसे गरीबों के आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, पेयजल की कोई चिंता नहीं है इसलिए इस सरकार के खिलाफ आंदोलन ही रास्ता है। उन्होंने मांग की कि दमुआढुंगा की तरह ही बागजाला गांव को भी राजस्व गांव बनाने की घोषणा राज्य सरकार को करनी चाहिए। उन्होंने बागजाला की जनता को आश्वस्त किया कि जब तक आपकी लड़ाई चलेगी तब तक मैं आपके साथ बना रहूंगा।

धरने की अध्यक्षता विमला देवी और संचालन वेद प्रकाश ने किया। आज के धरने में मुख्य रूप से रोहित कुमार, हेमा देवी, नन्दी देवी, चंद्रा देवी, तस्लीम अंसारी, परवेज, हरदित्ता सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, परवेज अंसारी, प्रेम सिंह नयाल, मीना भट्ट, दीवान सिंह बर्गली, अनीता अन्ना, डा कैलाश पाण्डेय, किरन प्रजापति, धनी लाल आर्य, ऋषि मटियाली, सोहन लाल, जहूर, अकरम, नसीम, आजम, रेवती, मिथलेश, रेखा रानी, पुष्पा, मधु बिष्ट, दुर्गा मटियाली, दीवान राम, करन कोहली, मोहन चंद्र, इन्द्र पाल मसीह, भगवती गोस्वामी, मन्नू देवी, शांति, ममता प्रजापति, मोहन लाल, प्रकाश राम, भावना, लक्ष्मी, पार्वती, चम्पा देवी, तुलसी, सुषमा, दिनेश चन्द्र, हरि गिरी, भोला सिंह, असलम, सविता नेगी, हेमंती, रेखा देवी, श्याम सिंह आदि समेत बड़ी संख्या में बागजाला गांव के ग्रामीण शामिल रहे।

# बनभूलपुरा पुलिस ने 40 नशे के इंजेक्शन समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नशे का गोरखधंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। नशे के सौदागर युवाओं को नशे के गर्द में धकेलते नजर आ रहे हैं।

लेकिन पुलिस भी इन नशे के तस्करों को पकड़ने में कामयाब होती नजर आ रही है बीती देर रात भी बनभूलपुरा पुलिस ने एक नशे के तस्कर को स्कूटी सहित दर्जनों नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा के कोतवाल सुशील कुमार अपने दलबल के साथ गोला बाईपास से स्लेटर हाउस के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी एक स्कूटी सवार पुलिस को चैकिंग करता देख वहां से भागने लगा पुलिस को संदेह हुआ उस स्कूटी सवार को भागता देख पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तलाशी के दौरान स्कूटी में 40 नशीले इंजेक्शन बरामद



हुए पुलिस को तस्कर ने अपना नाम रिजवान मियां पुत्र राशिद मियां निवासी मोहम्मदी मस्जिद इंदिरा नगर बताया। आरोपी तस्कर ने बताया कि वह नशीले इंजेक्शन किच्छा बहेड़ी सहित अन्य स्थानों से सस्ते दामों पर खरीद कर लाता है और यहां महंगे दामों पर बेचता है और इसे ही उसके घर का खर्च भी चलता है पुलिस ने तस्कर की स्कूटी कोशिश कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि बनभूलपुरा क्षेत्र में नशे के सौदागरों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। नशे के सौदागरों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

# बीएलएम एकेडमी में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक घंटा खेल के मैदान में थीम पर विशेष आयोजन किया गया। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को याद किया गया।

फुटबॉल, क्रिकेट, डौज बाल और शतरंज आदि खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. खेल विभाग की ओर से आयोजित विभिन्न मनोरंजक और पारंपरिक खेलों में बच्चों का उत्साह और जोश देखने लायक था। भारतीय खेल प्राधिकरण की पहल पर इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जागरूक करना और उनके खेल कौशल का विकास करना था । प्रधानाचार्या डा. गायत्री कंवर ने स्वस्थ रहने के लिए बच्चों से एक घंटा खेल के मैदान में खेल, योग और व्यायाम के लिए नियमित रूप से अवश्य निकालने का आवाहन किया । खेल शिक्षक निश्चल जोशी के निर्देशन में आयोजित विशेष आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन में खेल विभाग की ओर से हेमंत जोशी,संजय सजवान , रंजना बोरा और वंदना नेगी ने सहयोग किया।



# कुमाऊं राफ्टिंग कयाकिंग एसोसिएशन का गठन, दिनेश गुरुरानी को अध्यक्ष बनाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल में पहली बार काली एक्सपीडिशन एडवेंचर चंपावत टाइगर, राफ्टिंग वाले भैया, स्नोट्राउट एडवेंचर, हिमानी एडवेंचर, लाइफ इस एडवेंचर कंपनियों ने मिलकर कुमाऊं राफ्टिंग कयाकिंग एसोसिएशन का गठन टनकपुर में किया, जिसमें कुमाऊं में कार्य करने वाली राफ्टिंग कंपनियों के मालिक व रिवर गाइड सहायक ने भाग लिया, जिसमें सर्वसमति से राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी को अध्यक्ष बनाया गया।

इसके साथ ही मनोहर सिंह ऐरी को महासचिव व विनोद धामी को कोषाध्यक्ष बनाया गया वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र गढ़कोटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय अरोड़ा मोनी बाबा बनाये गए जबकि उपाध्यक्ष अभिषेक गढ़कोटी व रवि मनोहर, संगठन सचिव दीपांशु खुलवे व प्रेम चन्द्र को बनाया गया । 16 को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में बनाए गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि एसोसिएशन का पंजीकरण किया जाएगा और एसोसिएशन का विस्तार किया जाएगा साथ ही नए राफटिंग स्थलों का चयन कर इनको प्रशिक्षण कार्यक्रम व पर्यटकों से जोड़ा जाएगा । मनोहर सिंह ऐरी ने कहा कि कुमाऊं में राफिटंग की अपार संभावनाएं हैं। कई नदियों को खोला जाना बाकी है। विनय अरोड़ा ने कहा कि टनकपुर में राफिटंग विकसित की जा रही है। राजेंद्र गढ़कोटी ने कहा कि संगठन को मजबूत कर राफिटंग कंपनियों को जोड़ा जा रहा है। बिनोद धामी ने कहा कि एसोसिएशन को आर्थिक रूप से मजबूत किया जाएगा।



## तल्लीताल टोल चुंगी पर दो गाइड भिड़े, हंगामा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल टोल चुंगी पर दो गाइड भिड़े तो हंगामा हो गया। हंगामे के दौरान पुलिस ने गाइडों को जमकर फटकार लगकार खदेड़ दिया। जानकारी के अनुसार तल्लीताल टोल चुंगी में दो गाइडों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों में हाथापाई हो गई। पर्यटकों की आवाजाही के बीच दोनों में गाली गलौच हुई तो लोगों ने पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों को जमकर फटकार लगाई।

# केजीएन मदरसा के प्रबंधक को दी अग्रिम जमानत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने लक्सर हरिद्वार के केजीएन मदरसा के प्रबंधक/ प्रधानाध्यापक की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए उनको अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने उनसे यह भी कहा है कि वे जांच में सहयोग करें और बिना न्यायलय की अनुमति के विदेश न जाएं। मामले के अनुसार लकशर हरिद्वार के केजीएन मदरसा के प्रबंधक/ प्रधानाध्यापक फरीद अहमद पर मध्यान भोजन में अनियमितता और अन्य अनियमितता करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के बाद खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316 की उपधारा 5 के तहत लकसर थाने मे मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में कहा गया कि प्रबंधक ने मदरसे में पढने् वाले छात्रों की संखया से कहीं अधिक छात्र दिखाकर मध्याह्न भोजन में अनियमिता करने के साथ साथ अन्य अनियमितता की गयी। इसलिए उनके खिलाफ कार्यवाही की जाय। इसका विरोध करते हुए उनकी तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा कोई अनियमितता नही की गई। छात्रों के सत्यापन करने के बाद ही मध्यह्न भोजन दिया गया। उनको गलत तरीके से इसमे फंसाया जा रहा है। पक्षो को सुनने के बाद कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए व्यक्तित मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ मे कोर्ट ने यह भी कहा कि के जांच में सहयोग करें और बिना न्यायलय की अनुमति के विदेश न जाएं।

# जनसमस्या समाधान शिविर का सफल आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम वार्ड संख्या 37 हल्द्वानी में आयोजित जनसमस्या समाधान शिविर में सैकड़ों लोगों द्वारा विद्युत,सडक,पानी,स्ट्रीट लाईट,आधार कार्ड तथा राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायतें आई। संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर अधिकांश समस्याओं का त्वरित निदान किया गया।

वार्ड न 37 की पार्षद विद्या देवी ने वार्ड न के आंतरिक मार्गो के नवनिर्माण तथा क्षतिग्रस्त सड़को को गड्ढा मुक्त करने तथा नयी स्ट्रीट लाइट लगाने तथा लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की बात संबंधित अधिकारियों से की!वही ज्योति नेत्रालय द्वारा लोगो के नेत्रों की निशुल्क जांच कर औषधियां वितरित की गई। जन समाधान शिविर में भाजपा पार्षद वार्ड 37 विद्या देवी,युवा भाजपा नेता हृदयेश कुमार,पनराम ,अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रोषपाल मौर्या,मुन्ना शुक्ला व सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान तथा सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।



## हरिद्वार के एक परिवार धमकी देने के मामले में सुरक्षा मिलेगी

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मंगलोर हरिद्वार के एक परिवार को आरोपियों के द्वारा बार-बार जान से मारने व धमकी देने पर उनको पुलिस के द्वारा सुरक्षा नहीं दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मंगलोर थाने के एसएचओ से कहा है कि उनके प्रार्थनापत्र के आधार पर उन्हें सुरक्षा दी जाय। मामले के अनुसार मंगलोर हरिद्वार के शमीम अहमद व उनके परिवार के सदस्यों ने उच्च न्यायलय में याचिका दायर कर कहा है कि उनको व उनके परिवार के सदस्यों को जानमाल का खतरा है। अपनी शुरक्षा के लिए उनके द्वारा मंगलोर थाने पर प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस उन्हें सुरक्षा नही दे रही है।